तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 आज निकलेगी 108 फीट भव्य चुनरी यात्रा, झांकी...



11 राजनीतिक निष्क्रियता और मूलभूत सुविधाओं ...



नवरात्रि विशेष



तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

खेतों में पकने लगीं धान की फसलें, किसानों को अच्छी पैदावार की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज:मारों/नारायणपुर

ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित क्षेत्र के तेदुभाटा, दुधिया, नवागांव,लोहाडगिया, अमलडीहा, सहित ग्रामीण अंचलों में धान की फसल अब पकने लगी है। जहां खेतों में लहलहाती फसल और सुनहरी होती बालियों को देखकर किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। इस वर्ष समय-समय पर हुई बारिश से धान की फसल को पर्याप्त नमी मिली है,जिससे फसल की स्थिति बहुत अच्छी रही। मौजूदा स्थिति को देखते हुए किसानों को बेहतर उत्पादन होने की उम्मीद है। यदि मौसम का मिजाज अनुकूल बना रहा तो दशहरा पर्व के बाद कई खेतों में कटाई का काम शुरू हो सकता है। ग्रामीण व किसानों ने बताया गया कि इस मौसम में किसानों को कई तरह की परेशानियों से भी जूझना पड़ा। जैसे कि खाद-बीज की उपलब्धता से जुड़ी दिक्कतों और सिंचाई के सीमित साधनों के बीच किसानों ने अपनी फसल को तैयार करने के लिए कड़ी मेहनत की। विशेषकर उन किसानों को बारिश पर निर्भर रहना पड़ा जिनके पास सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं थे। ऐसे में समय-समय पर हुई बारिश उनके लिए राहत लेकर आई। फसल की विभिन्न अवस्थाओं में पानी की जरूरत पूरी होने से धान के पौधों की बढ़वार बेहतर रही और अब खेतों में बालियां पकने लगी हैं। धान की फसल की मौजूदा स्थिति ने किसानों की उम्मीदों को मजबूत किया है।

धान की बालियां लहलहा रही, अनुकूल मौसम की कामना



दशहरे के बाद कटाई शुरू की जा सकती हैं

जहां खेतों में दूर तक फैली हरियाली और बालियों में भरते दाने इस बात का संकेत दे रहे हैं कि मेहनत का परिणाम मिलने का समय नजदीक आ रहा है। किसानों की नजर अब मौसम पर टिकी हुई है क्योंकि फसल के पूरे तरह पकने और कटाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां जरूरी हैं। ग्रामीण किसानों के अनुसार मौसम साफ रहने और फसल के पकने की प्रक्रिया सामान्य रूप से आगे बढ़ने पर दशहरे के बाद कटाई शुरू की जा सकती है। हालांकि अलग-अलग खेतों में बोवाई के समय और फसल की स्थिति के अनुसार कटाई का समय भी अलग-अलग होने का अनुमान किसानों ने लगाया है।

बैठक : डिजिटल माध्यम से होगी जनसंख्या गणना

जनगणना-2027 की तैयारी पर जोर मास्टर ट्रेनरों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियां तेज हो गई हैं। जनसंख्या गणना का कार्य व्यवस्थित और त्रुटिरहित तरीके से पूरा करने के लिए जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनरों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया गया है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं की उपस्थिति में आयोजित प्रशिक्षण में जनगणना की प्रक्रिया, डिजिटल माध्यम से जानकारी दर्ज करने और मोबाइल एप के संचालन की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण का उद्देश्य मैदानी स्तर पर जनगणना कार्य में एकरूपता लाने के साथ शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करना है। जनगणना कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा कराने की योजना बनाई गई है। जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद मास्टर ट्रेनर विकासखंड स्तर पर गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। उन्हें निर्धारित कार्यप्रणाली, जिम्मेदारियों और तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी दी जाएगी, ताकि जनसंख्या गणना के दौरान किसी तरह की त्रुटि की आशंका कम हो।

- शत-प्रतिशत कवरेज और सही जानकारी जुटाने पर जोर



मोबाइल एप से दर्ज होगी जानकारी

प्रशिक्षण में डिजिटल माध्यम से जनसंख्या गणना कराने की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जनगणना निदेशालय से प्राप्त प्रस्तुतीकरण के जरिए मोबाइल एप के संचालन, जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया, प्रश्नावली में शामिल 30 से अधिक बिंदुओं और तकनीकी सावधानियों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही मैदानी कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं और शंकाओं के समाधान पर भी चर्चा की जा रही है।

गोपनीयता और पूर्ण कवरेज पर जोर

प्रशिक्षण के दौरान नागरिकों से सही जानकारी जुटाने, उनकी शंकाओं का समाधान करने और प्राप्त जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के निर्देशों से अवगत कराया जा रहा है। जनगणना के दौरान कोई भी व्यक्ति छूटने न पाए, इसके लिए क्षेत्रवार कार्ययोजना बनाकर काम करने पर जोर दिया गया है। दुर्गम क्षेत्रों, स्लम बस्तियों, बेघर व्यक्तियों और अस्थायी निवासियों तक पहुंच सुनिश्चित करने की प्रक्रिया भी प्रशिक्षण का हिस्सा है। जिला स्तर पर प्रशिक्षण पूरा होने के बाद विकासखंडों में गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे जनगणना कार्य की गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में जिला जनगणना नोडल अधिकारी श्रीमती दीप्ति वर्मा, जनगणना समन्वयक, सभी एसडीएम, तहसीलदार और जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

कागजों में नाली की समस्या का निराकरण मौके पर अब भी जमा गंदा है पानी

हरिभूमि न्यूज. नवागढ़/ संबलपुर

सरकारी रिकॉर्ड में समस्या का निराकरण दर्ज हो जाए, लेकिन मौके पर हालात जस के तस बने रहें, तो व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। ग्राम पंचायत संबलपुर के वार्ड क्रमांक 15 में नाली के गंदे पानी की निकासी का मामला कुछ ऐसी ही स्थिति सामने ला रहा है। जनपद पंचायत नवागढ़ ने 24 सितंबर को जारी पत्र में निकासी व्यवस्था कराए जाने की जानकारी दी थी, लेकिन 9 अक्टूबर को ली गई तस्वीर में गली में गंदा पानी जमा दिखाई दे रहा है। ऐसे में शिकायत के वास्तविक निराकरण को लेकर सवाल उठ रहे हैं।



पत्र में निराकरण, मौके पर पानी और कीचड़

शिकायतकर्ता को भेजे गए जनपद पंचायत नवागढ़ के पत्र में ग्राम संबलपुर में गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था कराए जाने का उल्लेख है। इसके बावजूद सामने आई तस्वीर में गली में पानी और कीचड़ दिखाई दे रहे हैं। इससे विभागीय पत्र में दर्ज जानकारी और मौके की स्थिति के बीच अंतर नजर आ रहा है। हालांकि, समस्या दोबारा उत्पन्न हुई या निकासी की व्यवस्था प्रभावी नहीं रही, इसकी वास्तविक स्थिति स्थल निरीक्षण के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

गंदे पानी के बीच आवागमन करने को मजबूर रहवासी

वार्ड की गली में गंदा पानी जमा होने से रहवासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से कीचड़ और गंदगी बनी हुई है। स्थानीय स्तर पर समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से वार्डवासियों ▶▶शेष पेज 11 पर

खबर संक्षेप

प्राणघातक हमला करने वाला गिरफ्तार

भिलाई। शराब की कांच की बोतल तोड़कर युवक की गर्दन पर जानलेवा हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि बाबा धाम तालाब के पास वाहन खाली करने की बात को लेकर संजय कुमार और डाक बंगाल पुरैना निवासी अरविंद करवा का विवाद हुआ। इसी दौरान आरोपी गाली-गलौज करते हुए शराब की कांच की बोतल तोड़कर पीड़ित के गले में वार कर फरार हो गया था। सूचना पर पुलिस ने आरोपी अरविंद करवा को पकड़ा गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि जिले में संदिग्धों की धरपकड़ की जा रही है। इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। सभी थाना पुलिस को इसके लिए निर्देशित किया गया है। इसके बाद पुलिस ने सर्चिंग बढ़ा दी है। रात के समय संदिग्ध गतिविधियों वाले लोगों से पूछताछ की जा रही है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर तलाशी ली जा रही है।

बिना दस्तावेज के मवेशियों को लेकर जा रहे तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। क्रूरता पूर्वक भैंस और उसके बच्चे को वाहन में ले जाते हुए तीन युवकों को वाहन समेत पकड़ा है। सुपेला पुलिस ने बताया कि युवराज साहू खुर्सीपार गौशाला से वापस आ रहा था। इस दौरान भोर 4 बजे सुपेला घड़ी चौक के पास बुलेरो पिकअप एमएच 35 एजे 5459 में भैंस और उसके बच्चे को क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा था। वाहन के सिग्नल पर रुकने के दौरान पूछताछ करने पर वाहन में सवार युवकों ने मवेशियों को महाराष्ट्र के गोंदिया ले जाना स्वीकार किया। लेकिन उनके पास किसी भी प्रकार का कोई भी दस्तावेज नहीं मिला। सूचना पर रवि साहू, रवि वर्मा, राहुल शाह मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की सहायता से वाहन को रोका गया। वाहन की जांच करने पर लगभग छह वर्ष की भैंस एवं लगभग एक वर्ष का उसका बच्चा रस्सी से बंधा मिला।

पीवी ऐप की परेशानी, अब अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे पटवारी

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

पीवी ऐप के माध्यम से फसलों के भौतिक सत्यापन में आ रही व्यवहारिक एवं तकनीकी समस्याओं का निराकरण नहीं होने और पटवारियों के खिलाफ की जा रही दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में राजस्व पटवारी संघ ने मोर्चा खोल दिया है। संघ ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए आज 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की सूचना दी है। संघ ने स्पष्ट किया है कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़, जिला बेमेतरा की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि पीवी ऐप के माध्यम से फसलों के भौतिक सत्यापन के दौरान आने वाली विभिन्न व्यवहारिक और तकनीकी समस्याओं से शासन एवं विभाग को पूर्व में भी अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद समस्याओं का ठोस एवं व्यावहारिक समाधान नहीं किया गया है। संघ ने इसे पटवारियों के लिए अत्यंत निराशाजनक स्थिति बताया है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्रीस्टैक पंजीयन, किसान पंजीयन, बकेट क्लेम, जनगणना का प्रथम चरण, लघु सिंचाई संगणना, रेलवे सर्वे, एनएच सर्वे, आय, जाति, निवास, स्वामित्व योजना, सेवा संकल्प शिविर और प्रोटोकॉल जैसे अनेक कार्यों को प्राथमिकता से कराया जा रहा है। इन कार्यों के बीच पीवी ऐप की समस्याओं और अव्यावहारिक व्यवस्था के कारण पटवारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- पटवारियों का बड़ा ऐलान : मांगें पूरी नहीं हुईं तो आज 13 अक्टूबर से करेंगे कामकाज ठप



पटवारियों पर दंडात्मक कार्रवाई का विरोध

संघ ने ज्ञापन में बलौदा बाजार और गोरला, पेंड्रा, मरवाही जिले में पदाधिकारियों एवं अन्य साथियों पर की गई कार्रवाई तथा कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने का उल्लेख करते हुए विरोध जताया है। साथ ही महासमुंद जिले में पटवारियों को निलंबित किए जाने को भी अनुचित बताया है। संघ का कहना है कि पीवी ऐप से संबंधित समस्याओं के बीच पटवारियों पर कार्रवाई करना उचित नहीं है। उसने संबंधित कार्रवाइयों को तत्काल शून्य किए जाने की मांग की है। ▶▶शेष पेज 11 पर

लो-वोल्टेज से अटल आवास के लोग परेशान, 24 घंटे का अल्टीमेटम; बिजली दफ्तर घेरेंगे पार्षद

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 5 स्थित अटल आवास कॉलोनी (मोहभट्ठा रोड) में लो-वोल्टेज की समस्या से वार्डवासी परेशान हैं। पिछले कई दिनों से बिजली का वोल्टेज कम रहने के कारण घरों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। वहीं, विद्युत उपकरणों के संचालन में भी परेशानी आ रही है। समस्या से नाराज वार्डवासियों की परेशानी को लेकर नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद राजू साहू ने विद्युत विभाग को पत्र सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। पार्षद राजू साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के सहायक अभियंता को सौंपे पत्र में कहा है कि लो-वोल्टेज के कारण आम लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से वार्डवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- पेयजल आपूर्ति प्रभावित, विद्युत उपकरण चलाने में भी हो रही परेशानी; नेता प्रतिपक्ष राजू साहू ने सहायक अभियंता को सौंपा पत्र



24 घंटे में समाधान नहीं तो घेराव

पार्षद राजू साहू ने विद्युत विभाग को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि निर्धारित समय में लो-वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे वार्डवासियों के साथ विद्युत विभाग के कार्यालय का घेराव करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति बनने पर इसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। अब देखना होगा कि विभाग इस चेतावनी के बाद समस्या के निराकरण के लिए कितनी तत्परता दिखाता है।

कांग्रेस नेता दीवान ने व्यवस्था पर कसा तंज, मरम्मत और नियमित सफाई की मांग

गनियारी हाईस्कूल के शौचालय बदहाल, टूटे टाइल्स और गंदगी ने खोली व्यवस्था की पोल

हरिभूमि न्यूज:नवागढ़/संबलपुर

सरकारी स्कूलों में बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया जाता है, लेकिन गनियारी हाईस्कूल के बालक-बालिका शौचालयों की तस्वीरें बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पर सवाल खड़े कर रही हैं। कहीं फर्श की टाइल्स उखड़ी हैं, कहीं गड्ढे नजर आ रहे हैं, तो कहीं बेसिन, पाइपलाइन और अन्य सुविधाएं क्षतिग्रस्त दिखाई दे रही हैं। दीवारों पर गंदगी के निशान और परिसर में बिखरा सामान साफ-सफाई की व्यवस्था पर सवाल उठाते हैं। इस स्थिति को लेकर कांग्रेस नेता रोशन धर दीवान ने कटाक्ष करते हुए कहा बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाना अच्छी बात है, लेकिन स्कूल के शौचालयों की हालत भी ऐसी होनी चाहिए कि बच्चे उस पाठ को अपनी जिंदगी में उतार सकें।



शौचालयों की हालत पर उठे सवाल

तस्वीरों में फर्श की टाइल्स टूटी और उखड़ी हुई दिखाई दे रही हैं। कुछ स्थानों पर गड्ढे और क्षतिग्रस्त हिस्से विद्यार्थियों के लिए परेशानी तथा चोट का खतरा पैदा कर सकते हैं। बेसिन, यूरिनल और पाइपलाइन के आसपास भी मरम्मत और साफ-सफाई की जरूरत नजर आती है। बालिका शौचालय की स्थिति विशेष रूप से गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है। छात्राओं को स्वच्छ, सुरक्षित और उपयोग योग्य शौचालय उपलब्ध कराना विद्यालय की बुनियादी जिम्मेदारी है। ऐसे में सवाल उठता है कि शौचालयों के नियमित निरीक्षण और मरम्मत की व्यवस्था कितनी प्रभावी है।



गनियारी हाईस्कूल के शौचालयों की स्थिति को देखते हुए संबंधित शिक्षा अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन को निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कराने की मांग। टूटे फर्श और टाइल्स की मरम्मत, खराब बेसिन एवं पाइपलाइन को ठीक करने और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने की जरूरत है।

अब सवाल यह है कि गनियारी हाईस्कूल के शौचालयों की बदहाली दूर करने के लिए जिम्मेदार विभाग कब कदम उठाएगा? बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ स्वच्छ और सुरक्षित सुविधाएं मिलना जरूरी है।

नितिन नबीन को 'नाबालिग राष्ट्रीय अध्यक्ष' कहने पर भूपेश बघेल के बयान की होरीलाल सिन्हा ने की निंदा, बोले माफी मांगें

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सरगुजा संभाग प्रभारी होरीलाल सिन्हा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता भूपेश बघेल द्वारा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को लेकर की गई टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई है। सिन्हा ने इसे राजनीतिक मर्यादा केअनुरूप नहीं बताते हुए भूपेश बघेल से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। होरीलाल सिन्हा ने कहा कि भूपेश बघेल को जनता के जनादेश का सम्मान करना चाहिए।

छत्तीसगढ़ की जनता ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भूपेश बघेल राजनीतिक हताशा में इस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं और भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व पर अनावश्यक निशाना साध रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद की अपनी गरिमा है। राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन किसी भी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है। उनको व्यक्तिगत टिप्पणियों के बजाय नीतियों, कार्यों और जनहित के मुद्दों पर अपनी बात रखनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व और संगठनात्मक भूमिका पर सवाल उठाने से पहले भूपेश बघेल को अपने राजनीतिक प्रदर्शन और कांग्रेस की स्थिति पर आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस के भीतर भूपेश बघेल के नेतृत्व को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। होरीलाल सिन्हा ने कहा अपने बयान पर स्पष्टीकरण दे और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति की गई टिप्पणी के लिए माफी मांगे ।

खबर संक्षेप

प्रदर्शन में शामिल होने रवाना हुए कांग्रेसी

दुर्ग। दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ता दिल्ली रवाना हुए। ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर रविवार देर शाम रायपुर के माना विमानतल से दिल्ली के लिए रवाना हुए। कांग्रेस द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पार्टी के विधायक, जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष, पूर्व विधायक तथा वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित छत्तीसगढ़ के अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की आवाज बुलंद करेंगे। दिल्ली रवाना होने से पहले जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक संस्थाओं और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की रक्षा आज एक महत्वपूर्ण सवाल बन गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता, फार्म-6 में किए गए बदलावों तथा वोट चोरी जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज राष्ट्रीय मंच पर उठाएगी।

जनदर्शन में दिए मुलभूत सुविधाओं के आवेदन



भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निवासरत नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं, मांगों और विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए निगम मुख्य कार्यालय के सभागार कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। निगम आयुक्त सुरुचि सिंह के निर्देशानुसार आयोजित जनदर्शन में उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे की उपस्थिति में नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में कुल 15 नागरिकों द्वारा सड़क, नाली, सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मांग और शिकायतों को लेकर आवेदन दिए गए। अधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित शाखा के अधिकारियों को आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निगम प्रशासन द्वारा प्राप्त आवेदनों की जांच और संबंधित विभाग से जानकारी प्राप्त कर समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किए जाने

नागरिक कस्टमर हैं, देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं, दीपावली से पहले शहर को कराएं कचरा मुक्त, शिकायत के बाद मुख्य सचिव सोनमणि ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगरीय प्रशासन के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने भिलाई नगर निगम के अधिकारियों को नागरिकों को समय पर सेवाएं देने और शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिक कस्टमर हैं, इसलिए सेवाओं में देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को रोज सुबह फील्ड निरीक्षण करने और दीपावली से पहले शहर को कचरामुक्त बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने 15वें वित्त आयोग के तहत चल रहे अधूरे निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताई। बोरा ने सर्किट हाउस रायपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में भिलाई निगम में लंबित कार्यों और नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कार्यप्रणाली में सुधार लाने और नागरिकों के प्रति संवेदनशील व्यवहार करने को कहा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक नीलेश क्षीरसागर, सूडा के सीईओ सुमीत अग्रवाल और भिलाई नगर निगम की आयुक्त सुरुचि सिंह भी बैठक में मौजूद थीं।

रोज सुबह निरीक्षण कर भेजें रिपोर्ट

प्रमुख सचिव ने जोन कमिश्नरों, उपायुक्तों और अपर आयुक्तों को प्रतिदिन सुबह मॉर्निंग विजिट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कमियों और कार्यों की प्रगति की रिपोर्ट निर्धारित ग्रुप में साझा करें, ताकि समय पर सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके। स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा के दौरान बोरा ने सभी जोन कमिश्नरों को दीपावली से पहले भिलाई को कचरामुक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत कचरा प्रबंधन, प्रसंस्करण संयंत्रों की स्थापना और संचालन से जुड़े कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने कचरे के उचित प्रसंस्करण और स्वच्छता व्यवस्था की लगातार निगरानी पर भी जोर दिया।

भिलाई निगम के कामों की समीक्षा, अधूरे निर्माण कार्यों की धीमी गति पर जताई नाराजगी



अधूरे निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

बोरा ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की धीमी प्रगति पर प्रमुख नाराजगी जताई। उन्होंने लंबित निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने, तकनीकी समस्याओं का तत्काल निराकरण करने और नियमित निगरानी के जरिए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 की समीक्षा के दौरान श्री बोरा ने आवास निर्माण में बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों और बच्चों की जरूरतों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने आवासों को सुरक्षित, सुविधाजनक और सभी के अनुकूल बनाने तथा पात्र हितग्राहियों के लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करने को कहा। उन्होंने ई-बस सेवा योजना शुरू करने की तैयारियों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

निदान-1100 की शिकायतों का समय पर करें निराकरण

प्रमुख सचिव ने निदान-1100 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की नियमित निगरानी और निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निपटारा करने को कहा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य, संयुक्त संचालक मिथिलेश अवस्थी और मुख्य अभियंता राजेश शर्मा सहित नगरीय प्रशासन विभाग, सूडा और भिलाई नगर निगम के अधिकारी तथा अभियंता भी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में जल प्रदाय, जल संरक्षण, मिशन अमृत और तालाबों के रखरखाव से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जल स्रोतों के संरक्षण और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री बोरा ने संपत्ति कर वसूली, ग्रीन बॉन्ड, बिजली बिलों और अन्य वित्तीय विषयों की समीक्षा करते हुए राजस्व संग्रहण सुधारने को कहा। ऑनलाइन नागरिक सेवाओं, ई-ऑफिस और डिजिटल व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया।

व्यापारियों पर लगने वाले बाजार मूल्य को कम कराने की मांग

सामाजिक, धार्मिक और शैक्षिणिक संस्थाओं को पूर्व में 10% बाजार मूल्य लग रहा था, अब लगेगा 1 रुपए वर्गफीट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा बीएसपी टाउनशिप के व्यवसायियों सहित अन्य कई संस्थाओं को लीज रिन्युअल में राहत दिलवाने के लिए दुर्ग के सांसद विजय बघेल और पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय का सम्मान किया गया। समारोह में चेंबर सहित सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। चेंबर ने प्रबंधन से समस्या के पूर्ण समाधान की मांग की।

उल्लेखनीय है कि स्टील सिटी चेंबर की बीएसपी टाउनशिप में लंबे समय से लीज रिनिवल की मांग राज्य सरकार के नियमों के तहत किए जाने संबंधी मांग पर सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय के माध्यम से प्रयास किया गया, जिसके कारण कुछ सार्थक परिणाम आए। चेंबर के मुताबिक सेल बोर्ड की नई गाइड लाइन लीज रिनिवल के लिए आई। इसमें सामाजिक, धार्मिक, व शैक्षिणिक संस्थाओं को पूर्व में 10% बाजार मूल्य लग रहा था, जो अब 1 रुपए प्रति वर्गफीट लगेगा। इससे भिलाई की सभी सामाजिक, धार्मिक व शैक्षिणिक संस्थाओं को जो लाभ प्राप्त हुआ। इसके लिए आभार जताने जैन भवन सेक्टर 6 में इस स्वागत समारोह हुआ।

लीज रिन्यूअल के लिए स्टील चैंबर ने सांसद व पूर्व मंत्री का किया सम्मान



व्यापारियों पर लगने वाला शुल्क अधिक

भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने स्वागत भाषण में विजय बघेल व प्रेम प्रकाश पाण्डेय जी का धन्यवाद दिया जिनके अथक प्रयास से यह समस्या का निराकरण हो सका। सलाहकार सदस्य राम कुमार गुप्ता ने कहा कि सांसद से मांग की सभी सामाजिक, धार्मिक व शैक्षणिक संस्थाओं को जो दर निर्धारित की गई है, उसका ऑटो रिनिवल कर मांग पत्र संस्थाओं को बीएसपी भेजे। किसी आवेदन का इंतजार न करें। इसी तरह व्यापारियों पर लगने वाला शुल्क 25% बजार मूल्य का अत्यधिक है, उस पर पुनः विचार किया जाए। श्री पाण्डेय ने इस जटिल समस्या को लगातार विभिन्न मंचों पर रखने के लिए स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

बाजार मूल्य पर फिर से विचार करने का मिला आश्वासन

सांसद श्री बघेल ने प्रेम प्रकाश पाण्डेय व इस्पात मंत्री कुमार स्वामी का धन्यवाद किया, जिनके प्रयास से परिणाम तक पहुंचाने में मदद मिली। व्यापारियों को आश्ववस्त किया उन पर लगने वाला 25% बाजार मूल्य पर फिर से विचार करने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम में सेक्टर 1 व्यापारी संघ सेक्टर 4 व्यापारी संघ, सेक्टर 5 व्यापारी संघ सेक्टर 6 के व्यापारी सेक्टर 10 व्यापारी संघ न्यू सिविक सेंटर रेजिडेंस एसोसिएशन अस्पताल सेक्टर व्यापारी संघ बड़ौदा सेक्टर व्यापारी संघ रिसाली सेक्टर बीएसपी मार्केट व्यापारी संघ सहित अनिल सेक्टर के व्यापारी उपस्थित थे। कार्यक्र में श्रीनिवास खेड़िया, बंशी अग्रवाल, राजीव जैन, आशीष निमजे सुरेश रतनानी, अजय दीक्षित, अजय कनोजे, करमजीत सिंह, दिनेश सिंघल, रामकुमार गुप्ता, ज्ञानचंद बाकलीवाल, कांत उपाध्याय, अब्दुल कादिर सिद्दीकी, नईम खान, प्रदीप बाकलीवाल जैन, ट्रस्ट के मंत्री सुधीर गांगेय अशोक पहाड़िया, संजय होतवानी, श्याम पंडा, राकेश डोडी, वेद प्रकाश गुप्ता, सतीश बंछोर, प्रदीप नाहर उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन डीपीएस शिक्षक संतोष ने किया।

इन संस्थाओं ने किया सम्मान

अग्रसेन जन कल्याण समिति से 6, केरला समाजम दुर्ग भिलाई, मस्जिद सेक्टर 6, माहेश्वरी सभा सेक्टर 6, गुजराती समाज सेक्टर 4, जगन्नाथ मंदिर समिति सेक्टर 4, कालीबाड़ी समिति सेक्टर 6, काव्यकुब्ज चेतना मंच सेक्टर 1, आध्यात्मिक संस्था राधा स्वामी सत्संग समिति, दिगंबर जैन खंडेलवाल भवन, जैन मिलन जैन, ट्रस्ट ब्रह्म ऋषि समिति, गुरु घासीदास सेवा समिति सेक्टर 6, पंजाबी भाईचारा अस्पताल सेक्टर जगन्नाथ मंदिर समिति सेक्टर 6, शंकरा एजुकेशन सोसायटी सेक्टर 10 मलयालम ग्रंथ शाला सेक्टर 6 क्रिश्चियन कम्युनिटी सेक्टर 6 के अध्यक्ष एवं उनकी समिति के सदस्य शामिल थे। रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सम्मान संचालित नयनदीप विद्या मंदिर के दृष्टिबाधित छात्रों ने स्वागत गान

महमरा एनीकट के आसपास गंदगी का लगा अंबार



दुर्ग। तस्वीर महमरा एनीकट घाट की है, जहां पिछले लंबे समय से कचरे की गंदगी पसरी हुई है। पितृपक्ष में तर्पण और अन्य संस्कारों के लिए लोग नदी तट पहुंच रहे हैं। गंदगी की वजह से उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। आसपास के लोग यहां स्नान करने पहुंच रहे हैं, लेकिन गंदगी की वजह से नाक-मुंह सिकोड़कर लौट रहे हैं। बाढ़ उतरने के बाद से ही ऐसे हालात बने हुए हैं। नियमतः सफाई की जिम्मेदारी नगर निगम की है, लेकिन अब तक मुक्तिधाम और इसके आसपास सफाई नहीं की गई है। लोगों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से की है।

नवरात्रि में डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों को धूल भरी सड़कों में होगी परेशानी



दुर्ग। शारदीय नवरात्रि में बम्लेश्वरी देवी मंदिर जाने वाले पदयात्रियों को लेकर अब तक तैयारी पूरी नहीं हो पाई है। 11 अक्टूबर से नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। इस बीच रायपुर नाका से शिवनाथ ब्रिज सड़क व जेल से पुलगांव बाय पास रोड की जर्जर व धुल युक्त सड़कों के गड्ढों व निर्माणधीन सड़क में धूल से लोग परेशान हो रहे हैं। इन रास्तों से रायपुर भिलाई व दुर्ग के हजारों श्रद्धालु पद यात्रा कर डोंगरगढ़ पहुंचते है। साथ हीं इन दोनों प्रमुख रास्ते के अधिकांश स्ट्रीट लाइट बन्द हैं। स्थानीय लोगों ने सड़क का मेंटेनेंस कराने और बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। लोगों ने स्ट्रीट लाइट जल्द चालू कराने की अपील की है। साथ ही ट्रैफिक व्यस्था को भी सुधारा जाए बढ़े वाहनों की गति भी नियंत्रित करने की मांग की है। जय नवयुवक दुर्गा समिति पद्मनाभपुर ने प्रशासन से अपील की है कि दुर्गा स्थापना हेतु प्रतिमा पंडालों में पहुंच रही है, किन्तु रोड में ट्रैफिक अधिक होने से थनोद से दुर्ग के प्रमुख मार्ग में जाम लग रहा है

सेवा संकल्प शिविर में एक छत के नीचे मिली सेवाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई-चरोदा प्रशासन की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड 38 सोमनी स्थित सामुदायिक भवन में शिविर लगाया गया। शिविर में वार्ड 31 से 40 तक के नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया गया।

शिविर में निगम और संबंधित विभागों के कर्मचारी अलग-अलग काउंटरों पर मौजूद रहे। यहां नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों से आवेदन भी लिए गए। लोगों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई गई और आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित जानकारी भी दी गई। सफाई और स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं के साथ नागरिकों की विभिन्न मांगों और शिकायतों के आवेदन भी शिविर में लिए गए। लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं और उनके निराकरण की मांग की। अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

आयुक्त डीएस राजपूत ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के जरिए सरकारी योजनाओं और सेवाओं को लोगों के घर के नजदीक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य केवल योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही नहीं, बल्कि नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण की प्रक्रिया को भी आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ने के साथ जनभागीदारी को भी बढ़ावा मिलेगा।

कबीर वाटिका की साफ सफाई



भिलाई। सेवा संकल्प अभियान के तहत साहू समाज द्वारा वार्ड 12 कोहका कबीर वाटिका में साफ सफाई की गई। अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि इस सफाई कार्य में लोगों ने बढ़ चढ़कर अपनी

अनुदान प्राप्त कॉलेजों के शिक्षकों व कर्मियों की पेंशन हो बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बहुजन समाज पार्टी द्वारा राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

■ बीएसपी ने सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश दिनांक 01-09-2026 के शासन के इस आदेश से प्रदेश के हजारों सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ घोर अन्याय हुआ है। शासन ने 100% अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों के पेंशनरों को उसी वेतनमान में पेंशन देने के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद में अमान्य कर दिया है। 2010 से चले आ रहे आदेश को भी निरस्त कर दिया है, जिसके तहत पेंशनरों को ग्रेच्युटी एवं पेंशन मिल रही थी। उन्होंने कहा कि, जिन शिक्षकों ने अपना पूरा जीवन शिक्षा के क्षेत्र में दिया, आज वृद्धावस्था में सरकार उन्हें लोकहित में नहीं कह कर पेंशन से वंचित कर रही है। बहुजन समाज पार्टी इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को ये जनविरोधी आदेश तत्काल वापस लिया जाए। पेंशनरों को उसी वेतनमान के अनुसार पेंशन और ग्रेच्युटी दी जाए जिससे वे सेवानिवृत्त हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट में सरकार पेंशनरों के खिलाफ पैरवी बंद करे। ज्ञापन सौंपने वाले में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विनोद वासनिक, भूषण नादिया, कृष्णा कोर्सेवाड़ा, मुकेश महिलागे, रमाशंकर अजगल्ले, सचिन गवई, देवाआनंद कुंभकार व अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

मैत्रीबाग में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह का समापन समारोह

सैकड़ों बच्चों ने दिया वन्य प्राणियों के संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी के नगर सेवाएं के उद्यानिकी विभाग के तत्वावधान में पिछले हफ्तेभर से चल रहे वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को मैत्रीबाग में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक गुरुनाथन एन और विशेष अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार व महाप्रबंधक विष्णु कुमार पाठक व जीएम डॉ. एनके जैन और विक्रांत शरण उपस्थित थे।

■ अतिथियों ने किया विजेताओं को पुरस्कृत



विभिन्न प्रतियोगिताओं को विजेजा विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। सप्ताह के दौरान भिलाई के बीएसपी व नान बीएसपी स्कूलों के विद्यार्थियो के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता में 700 से भी अधिक बच्चों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रतियोगिता में इतनी बड़ी संख्या में बच्चों ने अपनी सहभागिता देकर इस बात को प्रमाणित कर दिया है कि वन्य प्राणी संरक्षण ममाह जैसे कार्यक्रम जन जागरूकता का आधार स्तंभ है। वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत स्कूली बच्चों को निःशुल्क चिड़ियाघर का भ्रमण कराया गया, जिससे उन्हें जू एजूकेशन का लाभ



मिला। वन्य प्राणी संरक्षण जैसे कार्यक्रम का आयोजन न केवल ज्ञानवर्धक होते है, बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी जागरूक करने में महायक और कारगर सिद्ध होते हैं। ईडी पवन कुमार ने कहा कि किमी भी कार्यक्रम की सफलता के लिए मवमे मूलभूत चीज़ टीम वर्क होता है जो समन्वय बनाने पर पैदा होती है और ममन्वय मफलता का आधार होता है इसलिए भी शायद भिलाई इस्पात सयंत्र ने टीम की बदौलत संपूर्ण विश्व मे एक अलग पहचान बनाई है। सीजीएम प्रभारी श्रीनिवासन ने आयोजन की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण में जागरुकता का आह्वान किया।

स्कूली बच्चों के चित्रों व भाषण में दिखी प्रतिभा हुई हौसला आफजाई

बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग और उनके द्वारा दिए जाने वाला भापण इस विलुप्तता को बचाने के जागरुकात का संदेश है। वन्य प्राणियों का संग्क्षण करके हम प्रकृति और पर्यावरण दोनों को सुरक्षित रख सकते हैं। आरंभ में मैत्रीबाग प्रभारी डां. जैन ने वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के विभिन्न प्रतियोगिताओं व बच्चों की सहभागिता पर प्रकाश डाला। एजीएम विक्रांत शरण ने प्रतिभागी बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की।

खबर संक्षेप

प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। धारदार हथियार से प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि उत्कल नगर दुर्ग निवासी पवन सिन्हा अपने घर जा रहे थे। तभी पड़ोसी गणेश मलिक, नीलकमल ठाकुर उर्फ नरेश ठाकुर के बीच विवाद हो रहा था। पीड़ित पहुंचकर बीच-बचाव कर विवाद शांत कराने का प्रयास किया। आरोपी ने उसे जान से मारने की नीयत से धमकी देते हुए अपने पास रखे धारदार हथियार से पेट के बाईं ओर वार करने से पीड़ित जमीन पर गिर पड़ा। शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुट गई। पीएम आवास, ब्लॉक एल, क्वार्टर नंबर एफ/1 दुर्ग निवासी नीलकमल ठाकुर उर्फ नरेश ठाकुर को पकड़ा गया। आरोपी के पास से धारदार हथियार जब्त किया गया।

14 को संगीतमय प्रस्तुति और 15 को चुनरी यात्रा

ओखरा / मुरमुन्दा। ग्राम मोहदी में इस वर्ष भी नवरात्र महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अमन शर्मा ने बताया कि 14 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन व जस गायक अनुराग शर्मा की संगीतमय प्रस्तुति होगी। वहीं 15 अक्टूबर को भव्य चुनरी यात्रा एवं रोड शो निकाला जाएगा।

धनोरा में विदेशों से भी जलीं 195 मनोकामना ज्योत



उतई। पावन धाम बाबा दरबार धनोरा में इस नवरात्रि कुल 195 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई हैं। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि इस वर्ष कनाडा और अमेरिका में रह रहे भक्तों ने भी ऑनलाइन माध्यम से मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराई है। इसके अतिरिक्त महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, रायपुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ एवं भिलाई के सैकड़ों श्रद्धालुओं की ज्योत जल रही है। प्रथम दिन पंडित विनय शर्मा एवं लक्ष्मण बाबा द्वारा विधि-विधान से घटस्थापना की गई। इस अवसर पर विनोद कुमार साहू, नंद पंडा, राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, योगेश साहू, भोलू, खिलेश्वर साहू, सुंदर सपरे, दिनेश यादव, रामू यादव, ओमकार साहू, टीकम साहू, गुमान साहू, मारियल साहू, गुलाब साहू, एम. लाल देवांगन, राजू देशमुख, बबलू, गज्जू रायपुरीहा, जीवराखन ठेकेदार, बाबूलाल साहू, वासुदेव, पूर्व उपसरपंच कुंभकरण पटेल, हेमंत साहू, भजन गायक चेतन साहू तथा महिला श्रद्धालु शामिल हैं।

स्कूली बच्चों को परोसा नेवता भोजन, बांटे फल



जामगांव आर। पितृपक्ष के अंतिम दिन सेवा सहकारी समिति कुम्हली में कार्यरत लिपिक गिरिराज अग्रवाल एवं दीपक वर्मा ने अपने पितरों की स्मृति में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुम्हली के बच्चों को नेवता भोजन के तहत फल वितरित कर पितरों का आशीर्वाद लिया। दीपक वर्मा ने कहा कि जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ जैसे अवसरों पर महंगे होटलों में खर्च करने के बजाय नौनिहालों के बीच खुशियां बांटनी चाहिए। प्रभारी प्रधान पाठक छन्नूलाल साहू ने इस पहल को मानवीय मूल्यों के संरक्षण का प्रतीक बताया। इस अवसर पर शिक्षक हुसन लाल चंद्राकर एवं सीमा चंद्राकर उपस्थित रहे।

राज्य स्थापना दिवस के उल्लास के बीच उपेक्षा का दंश झेलता जामगांव आर

राजनीतिक निष्क्रियता और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सिसकती 85 हजार की आबादी

आसकरण जैन ▶▶| जामगांव आर

सियासी चक्रव्यूह में फंसे ग्रामीण, वर्षों पुराने वादों पर नहीं हुआ अमल



छत्तीसगढ़ राज्य आगामी 1 नवंबर 2026 को अपनी स्थापना का 27वाँ वर्षगांठ मनाने जा रहा है। पूरे प्रदेश में इस अवसर पर उत्सव का माहौल रहेगा और चारों ओर विकास के दावों के साथ खुशियों की लहर दिखाई देगी। परंतु दुर्ग जिला मुख्यालय से मात्र 35 किलोमीटर दूर स्थित एक प्रमुख केंद्र स्थल 'जामगांव आर' की तस्वीर इससे बिल्कुल जुदा होगी। लगभग 50 गांवों का केंद्र बिंदु और 85 हजार की आबादी की जीवनरेखा होने के बावजूद, यह क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से पूरी तरह वंचित है। दो प्रमुख राजनीतिक दलों (भाजपा और कांग्रेस) के सियासी चक्रव्यूह और वादों के बीच पिसता जामगांव आर आज भी विकास की एक-एक किरण के लिए तरस रहा है। स्वतंत्रता के सात दशकों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यहां स्वास्थ्य, प्रशासनिक और संचार सेवाएं शून्य स्तर पर हैं, जो सरकार के सुशासन के दावों पर गंभीर सवालिया निशान खड़ा करती हैं।

राष्ट्रपति की मुहर के वर्षों बाद भी विकासखंड का दर्जा अधूरा

जामगांव आर को ब्लॉक (विकासखंड) का दर्जा न मिलना क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और शासन-प्रशासन की घोर निष्क्रियता को उजागर करता है। वर्ष 2013 में जामगांव आर को विकासखंड बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक, संसदीय सचिव और प्रशासनिक मशीनरी के सहयोग से सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की गईं, जिसके बाद सितंबर 2016 में इसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने की खबर भी सामने आई थी। हालांकि, 2018 में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद यह जनहितैषी मामला कागजों और फाइलों के ढेर में दबकर रह गया। सत्ता परिवर्तन के दौर में ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडलों ने शीर्ष नेताओं और पूर्व मुख्यमंत्रियों से प्रत्यक्ष मुलाकात कर गुहार लगाई, लेकिन हर बार केवल खोखले आश्वासन ही हाथ लगे। वर्तमान में क्षेत्रीय संरचनाएं और पर्याप्त अधोसंरचनाएं उपलब्ध होने के बावजूद, कम लागत में प्रारंभ हो सकने वाले इस विकासखंड को दर्जा न देना क्षेत्र की जनता के साथ सीधा अन्याय है।



50 बिस्तर अस्पताल की जगह एक प्राथमिक मरहम-पट्टी का भी टोटा

जामगांव आर एक समृद्ध व्यापारिक और शैक्षणिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन उपतहसील, थाना, शासकीय कॉलेज, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और बैंकों के सिलसिले में हजारों ग्रामीणों व 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं की आवाजाही लगी रहती है। इतने महत्वपूर्ण केंद्र स्थल में 50 बिस्तरों वाले पूर्ण विकसित शासकीय अस्पताल की नितांत आवश्यकता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि प्राथमिक उपचार और साधारण खरोंच पर लगाने के लिए टिंचर तक की सुविधा उपलब्ध नहीं है। गंभीर बीमारियों अथवा सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति में मरीजों और घायलों को त्वरित इलाज के अभाव में 35 से 40 किलोमीटर दूर दुर्ग या धमतरी भागना पड़ता है। इस आपाधापी में कई ग्रामीण रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। छोटे-छोटे अंदरूनी गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं, परंतु 50 गांवों का मुख्य केंद्र होने के बाद भी जामगांव आर में स्वास्थ्य सेवा का शून्य होना बेहद शर्मनाक और संवेदनशील नेताओं के लिए आत्म-अवलोकन का विषय है।

आधुनिक दौर में भी उप-डाकघर से महरूम क्षेत्र

संचार और डिजिटलाइजेशन के इस आधुनिक दौर में भी जामगांव आर का डाक तंत्र अंग्रेजों के जमाने की पुरानी व्यवस्था पर निर्भर है। आज भी डाकिया साइकिल पर डाकों का थैला लादकर 13 से 30 किलोमीटर दूर गुंडरदेही उप-डाकघर तक पहुंचाने के लिए विवश हैं। जामगांव आर के आसपास लगभग 10 से 13 शाखा डाकघर (जैसे रानीतराई, निपानी, रनचिराई, भाठागांव, मर्रा, चुरपा आदि) स्थित हैं, जिनकी दूरी गुंडरदेही से काफी अधिक है, जबकि जामगांव आर से ये मात्र 3 से 11 किलोमीटर के दायरे में आते हैं। यदि जामगांव आर में उप-डाकघर खोल दिया जाए, तो न केवल आम जनता और व्यापारिक वर्ग को बेहतर डाक सेवाएं मिलेंगी, बल्कि डाक विभाग के राजस्व में भी भारी बढ़ोतरी होगी। जनप्रतिनिधियों और 13 ग्राम पंचायतों द्वारा संयुक्त रूप से मुख्य प्रबंधक और प्रवर अधीक्षक को ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद डाक विभाग के फील्ड अफसरों की लापरवाही और चुप्पी इस अव्यवस्था को लगातार बढ़ावा दे रही है।

योग का अलख जगाए रखना हमारा परम कर्तव्य : महमल्ला





■ जामगांव आर में नि: शुल्क योग शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

उपतहसील जामगांव आर स्तरीय योग समिति के तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का समापन एवं सम्मान समारोह रविवार को हुआ। सुबह साधकों ने कतारबद्ध होकर प्रभातफेरी निकाली। यह जुलूस गुंडरदेही मुख्यमार्ग, बोरवाय रोड, ग्राम पंचायत मार्ग, कलामंच, राम मंदिर मार्ग, सदर लाइन और पटेल पारा होते हुए किसान चौक पहुंचा, जहां स्करेंगे योग, रहेंगे निरोगस्र के नारे लगाए गए। तत्पश्चात साधक बेलहारी रोड से कदमताल करते हुए योग स्थल पहुंचे और शवासन में विश्राम के बाद स्पर्धात्मक योग में शामिल हुए। शिविर में सुबह 5 बजे से 7 बजे तक का समय प्रबंधन, अनुशासन और स्व-अनुशासन देखने को मिला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी हलधर महमल्ला ने कहा कि 'योग अपनाएं, स्वस्थ भारत बनाएं'की मंशा के साथ योग की अलख जगाना हमारा कर्तव्य है। साहू समाज परिक्षेत्रीय अध्यक्ष पारखत साहू, सेजस बेलहारी के पूर्व प्राचार्य वाई. के. साहू और हेडमास्टर सी. एल. साहू, मानस मर्मज्ञ भेल कश्यप (भेल चंद्राकर) ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच पर परिक्षेत्रीय पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, पूर्व अध्यक्ष डॉ. गुलाब साहू, पूर्व प्राचार्य वाई. के. साहूवरिष्ठ समाजसेवी बेनीराम साहू, समिति उपाध्यक्ष ढालसिंह साहू एवं सचिव संतोष साहू मंचासीन रहे। अतिथियों ने योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले साधकों को 'योग मैट' भेंटकर सम्मानित किया। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में अलोम-विलोम में हिमांशु, गोमुख आसन में मेघराज, वृक्षासन में टिकेश्वरी तथा गुप्त वज्रासन में टिकेश्वरी ढीमर ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। साथ ही शासकीय कॉलेज जामगांव आर से टीम लेकर आई ग्रुप लीडर तामेश्वरी सहारा को भी योग मैट भेंटकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समिति द्वारा आगामी 25 अक्टूबर को ग्राम धमना में एक दिवसीय योग शिविर आयोजित करने की घोषणा की गई है।

जेपी जयंती पर हुई गोष्ठी, किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान, एचएससीएल कॉलोनी जेपी प्रतिष्ठान में रूआबांधा की ओर से जेपी की जयंती पर गोष्ठी हुई। अतिथियों द्वारा उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद एचएमएस के महासचिव प्रमोद कुमार मिश्र ने स्वागत उद्बोधन दिया।

छग क्रांति सेना ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता के अधिकारों का हनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।आम नागरिकों के प्रदर्शनों को कुचलने के लिए दिल्ली को छावनी बनाना लोकतंत्र का गला घोटने जैसा है।मुख्य अतिथि प्रो. डीएन. शर्मा ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार ही हमारे लोकतंत्र की असली ताकत और रीढ़ हैं। जब इन बुनियादी अधिकारों पर ही सुनियोजित हमले होने लगें, तो समझ जाना चाहिए कि हमारा जनतंत्र गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। साहित्यकार गिरीश पंकज ने कहा कि आपातकाल के दौर में भी देश की जनता ने खिलाफ डटकर आवाज उठाई थी। आज फिर से वही परिस्थितियां बन रही है। इस अवसर पर समिति के सचिव जीवननंदन राय सहित रेखा शर्मा, नंदकिशोर साहू, देवेंद्र यादव, सदस्य हरि प्रसाद, समाजवादी नेता त्रिलोक मिश्रा, अधिवक्ता जमील अहमद, भूपेंद्र यादव, रू योगेश साहू, राकेश कुमार पांडे,अजय देवगन, रामविलास यादव, राम हुलास, लक्ष्मण यादव, नथुनी भगत, विजय वर्तमान, नंदकिशोर साहू, मुमताज, हरिप्रसाद, प आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार विनोद साव और व कवि शरद कोकास को सम्मानित किया गया। अतिथियों से सम्मान प्राप्त करने के पश्चात दोनों साहित्यकारों ने आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

पूरी की गोदभराई और अन्नप्राशन की रस्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



ग्राम पंचायत अंजोरा स्थित अटल समरसता भवन में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम

■ दिया 'हर घर मुनगा' का संदेश, हुआ सम्मान

अधिकारी अशोक कुमार पांडे, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू एवं परियोजना अधिकारी उषा झा के मार्गदर्शन में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य संगीता साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन, महिला मोर्चा अध्यक्ष (अंजोरा) रामकली साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष (उतई) शीतला ठाकुर, अंजोरा मंडल से यामिनी हरमुख, सरपंच संतोष सारथी, उपसरपंच माखन साहू तथा पंचगण ममता साहू, करण वैष्णव एवं खिलेश्वर साहू उपस्थित रहे।

परियोजना अधिकारी श्रीमती ऊषा झा ने सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत बेटियों के खाते खुलवाने की अपील की। पर्यवेक्षक गीतांजली भैंसारे, शशि रैदास एवं प्रमिला वर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा की पोषण विशेषज्ञ डॉ. निशा शर्मा ने बच्चों को जंक फूड से बचाने, एनीमिया रोकथाम तथा गर्भवती व शिशुवती माताओं को संतुलित व पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। वहीं डॉ. गायत्री मढ़रिया ने जच्चा-बच्चा कार्ड की उपयोगिता रेखांकित की। कार्यक्रम के दौरान तीन गर्भवती माताओं-दिलेश्वरी, फुलनाज व दीप्ति साहू की गोदभराई तथा शिशुओं ज़ियांशी यादव व आरव यादव का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया।

शहर में15 साल से लोहे का अवैध कारोबार, लाखों की रेल पटरियां छावनी में कबाड़ी की दुकान से जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जामुल थाना अंतर्गत आईटीआई कॉलोनी जामुल पानी टंकी के पास पांडेय कबाड़ी में पिछले करीब 15 सालों से लोहे का अवैध कारोबार चल रहा था। कबाड़ी की इस दुकान में लोहे की पटरी जब्त की गई है। पटरियों में सेल लिखा है, पटरियां कहां से और कैसे पहुंची। इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने कबाड़ संचालक के गोदाम में दबिश इस पूरे मामले का भंडाफोड़ किया है। मिली जानकारी के मुताबिक गोदाम में बड़ी मात्रा में लोहे के कटे हुए टुकड़े मिले हैं, जो रेल पटरी के ऐसे हिस्से भी शामिल हैं। पुलिस की टीम छावनी आईटीआई ग्राउंड पानी टंकी के पास पहुंची और स्क्रैप की जांच शुरू की। पुलिस ने बरामद लोहे का वीडियो भी बनाया है। पंचनामा की कार्रवाई के साथ गोदाम में मौजूद के बयान लिए गए। शुरुआती जांच के मुताबिक, गोदाम कबाड़ी पाण्डेय का होना बताया जा रहा है। पुलिस इसे लेकर जांच में जुटी हुई है। बरामद लोहा कहां का है और गोदाम तक कैसे पहुंचा इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने वहां मौजूद लोहे और स्क्रैप का निरीक्षण किया। बरामद सामग्री का वीडियो तैयार किया गया है, जिससे जांच के दौरान उसका मिलान और पहचान की जा सके। संदेह जताया जा रहा है कि संयंत्र से रेल पटरी निकलने के बाद उसे ट्रक के जरिए गोदाम तक आधी रात को लाया जाता था। पटरी के छोटे-छोटे हिस्से काटकर अलग रखे जाते थे। यह भी स्पष्ट नहीं है कि बरामद सामग्री कब और किस वाहन से गोदाम तक पहुंचा। पुलिस अब परिवहन से जुड़े तथ्यों, कर्मियों के बयान और बरामद स्क्रैप की पहचान के आधार पर जांच बढ़ा रही है।

विधायक ने डीआईजी व एसएसपी सख्त कार्रवाई के निर्देश

कथित लोहा चोरी का मुद्दा पहले भी वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने लगातार उठाते रहे है। उन्होंने सीबीआई जांच की मांग की थी। विधायक की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक राज्य सरकार ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की स्वीकृति दी है। इसे लेकर राजपत्र में अधिसूचना भी प्रकाशित हुई है। विधायक की टीम को छावनी क्षेत्र के कबाड़ी गोदाम में लोहा काटे जाने की सूचना मिली थी। टीम मौके पर पहुंची और पुलिस को जानकारी दी। विधायक ने सीआईएसएफ के डीआईजी और दुर्ग एसएसपी से चर्चा कर कथित लोहा चोरी रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।



परसदा में जप-साधना से नवरात्रि की शुरुआत

अंडा। ग्राम परसदा (डगनिया) स्थित गायत्री मंदिर में शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने एकाग्रचित होकर जप-साधना एवं माला जाप किया। क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर आयोजित इस साधना कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. कुलेश्वर प्रसाद, लिलेश्वर साहू, लालचंद बंशीलाल, प्रीत साहू, वीरकांत, गजेंद्र कुमार साहू, कुंजलाल, नागेश्वर यादव, चिंती बाई, सरस्वती साहू एवं सत्यवती साहू आदि उपस्थित थे।

80 लाख के विकास कार्यों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज, जामगांव एम उपक्षेत्र के सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री

■ चंद्राकर समाज के लोगों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का जताया आभार

विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करने समाज का प्रतिनिधिमंडल रायपुर पहुंचा। चंद्राकर समाज उपक्षेत्र जामगांव एम के अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर के नेतृत्व में समाजजनों ने विजय शर्मा से भेंट कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। लोकमणि चंद्राकर ने बताया कि सामाजिक सम्मेलन में विजय शर्मा ने समाज की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए जामगांव एम में 53 लाख रुपये, तर्रा में 12 लाख रुपये और लोहरसी में 15 लाख रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की थी। इस दौरान जामगांव एम उपक्षेत्र के अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर, सचिव भूषण चंद्राकर, लवकुश चंद्राकर, राज प्रतिनिधि कमलेश चंद्राकर, सरपंच चेतन चंद्राकर, सुरेश, अवीक, राकेश, हेमंत, कमल नारायण, हेमंत, रोहित, वेदप्रकाश, प्रहलाद, मुकेश, ईश्वर, संजय, युधिष्ठिर, नारायण, कुंजलाल, ईश्वर, नरेश, गेंदालाल, शीतल, दामोदर, भारती चंद्राकर, योगेश्वरी चंद्राकर, झीठ सरपंच रूपेंद्र साहू, लोहरसी सरपंच राकेश साहू, सरपंच तुलसी सिन्हा और सरपंच कमलेश्वरी साहू आदि मौजूद थे।

पेज 9 के शेष

पीवी ऐप की परेशानी...

वेतन विसंगति और पदोन्नति का मुद्दा भी उठाया: ज्ञापन में वर्षों से लंबित वेतन विसंगति एवं पदोन्नति से जुड़ी मांगों का भी उल्लेख किया गया है। संघ ने शासन से इन मामलों में सकारात्मक पहल करने तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि लंबित समस्याओं का निराकरण हो सके। राजस्व पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष निर्जल कुमार डिंडोरे ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो संघ के सभी सदस्य 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिला बेमेतरा के अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों तथा राजस्व पटवारी संघ के संबंधित पदाधिकारियों को भी भेजी गई है।

गंदे पानी के बीच आवागमन ...

को राहत का इंतजार है। **दोबारा शिकायत कर जांच की मांग:** शिकायतकर्ता के अनुसार, समस्या दूर नहीं होने पर उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में दोबारा शिकायत दर्ज कराते हुए निराकरण की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर बेमेतरा से वार्ड का स्थल निरीक्षण कराने, शिकायत के निराकरण की वास्तविक स्थिति की जांच करने और लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने गंदे पानी की निकासी के लिए पक्की नाली और सीसी सड़क का निर्माण कराने की मांग भी की है, ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके। अब संबंधित विभाग की जांच और प्रशासन की कार्रवाई पर नजर है। जरूरी है कि पत्र में दर्ज निराकरण का मौके की वास्तविक स्थिति से मिलान किया जाए, जिससे शिकायत के समाधान की हकीकत सामने आए और वार्डवासियों को राहत मिल सके।



खबर संक्षेप

रात का पारा सामान्य से एक डिग्री कम

दुर्ग। बारिश का दौर अब लगभग खत्म हो गया है। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों से मानसून रुखसत हो गया है। ठंड का मौसम आने को है, इस बीच दिन में तेज धूप के कारण गर्मी और उमस बढ़ गई है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है, जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक है। वहीं रात का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम रहा। वहीं शाम को सूरज ढलने का समय 5.44 बजे रहा। वहीं सूर्योदय का समय 5.59 बजे रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2-3 दिनों में मौसम में बदलाव के आसार है। उत्तर-पश्चिम की ठंडी हवाओं का असर छत्तीसगढ़ के अलग-अलग हिस्सों में पड़ने वाला है। आगामी दिनों में मौसम साफ रहेगा। फिलहाल मैदानी इलाकों में जहां दिन के समय गर्मी बढ़ रही है, वहीं सरगुजा संभाग के कुछ इलाकों में रात का मौसम ठंडा होने लगा है। ठंडी हवाओं का असर धीरे-धीरे पूरे छत्तीसगढ़ में बढ़ने वाला है। इस बार बारिश के सीजन में जिले में सामान्य से 1 प्रतिशत कम बारिश हुई।

दोपहर के बाद ब्लड सैंपल की जांच पर संकट खराब होने का खतरा

भिलाई। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर जांच सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पैथोलॉजी जांच की व्यवस्था अटल आरोग्य लैब के माध्यम से संचालित की जा रही है। इसके तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पीएचसी में ब्लड सैंपल लेने के बाद उन्हें जांच के लिए संबंधित केंद्रों तक भेजा जाता है लेकिन भिलाई-3 पीएचसी में सैंपल कलेक्शन के समय को लेकर समस्या सामने आ रही है। यहां अटल आरोग्य लैब का सैंपल कलेक्शन कर्मचारी दोपहर करीब 2 बजे पहुंचता है।

आज निकलेगी 108 फीट भव्य चुनरी यात्रा, झांकी-अघोरी ग्रुप और नागपुर का साईं धुमाल बनेगा

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

तीसरे वर्ष हो रहा आयोजन, शाम 6 बजे मां कालिका मंदिर में जुटेंगे श्रद्धालु

धर्मनगरी बेमेतरा में मंगलवार, 13 अक्टूबर को मां कालिका की भक्ति और आस्था का भव्य नजारा देखने को मिलेगा। मां कालिका मंदिर में तीसरे वर्ष 108 फीट भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक उत्साह के बीच आयोजित होने वाली इस यात्रा में आकर्षक झांकी, अघोरी ग्रुप और नागपुर के प्रसिद्ध साईं धुमाल की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहेगी। आयोजन को लेकर समिति की तैयारियां जारी हैं और श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। मां कालिका के प्रति श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक यह चुनरी यात्रा आयोजन के तीसरे वर्ष भी भव्य स्वरूप में आयोजित की जा रही है। यात्रा में धार्मिक झांकी के साथ अघोरी ग्रुप की प्रस्तुति और नागपुर के साईं धुमाल की धुन श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी। आयोजन के माध्यम से नगर में भक्तिमय वातावरण बनाने और अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की तैयारी की जा रही है।



आयोजन की जिम्मेदारी संभाल रहे समिति सदस्य

धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए शिवम साहू, सुनील देवांगन, सुमित सिन्हा, कैलाश सिन्हा, डॉ. रिंकू वर्मा, शुभम सिन्हा, युवराज पटेल, यश रजक, कीर्ति साहू, लव यादव, मनीष साहू, भानु साहू, आदित्य यादव, धर्मेंद्र साहू, अमृत साहू एवं मुखेंद्र साहू सहित अन्य सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमियों और नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन में सहभागिता निभाने की अपील की है।

विजय सिन्हा ने किया श्रद्धालुओं को आमंत्रित: नगर पालिका अध्यक्ष एवं मां कालिका मंदिर समिति के अध्यक्ष विजय सिन्हा ने आयोजन की जानकारी देते हुए नगरवासियों और माता रानी के भक्तों से सपरिवार शामिल होने की अपील की है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धार्मिक आयोजन में सहभागी बनकर मां कालिका का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा चुनरी यात्रा की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है।

मुख्य मार्ग किनारे गड्ढे में जमा गंदा पानी बना परेशानी का सबब, जांच और कार्रवाई की मांग की

लिमाही चौक में डेयरी के अपशिष्ट जल से उठ रही दुर्गंध, राहगीर और रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा/बेरला



बेरला-रायपुर मुख्य मार्ग पर लिमाही चौक स्थित उत्सव दूध डेयरी से निकलने वाले अपशिष्ट जल के उचित निपटान की व्यवस्था नहीं होने से आसपास के रहवासियों, दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डेयरी के समीप सड़क किनारे बने गड्ढे में लंबे समय से जमा गंदे पानी से दुर्गंध फैल रही है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों से जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, डेयरी से निकलने वाला अपशिष्ट जल दुकान के समीप सड़क किनारे बने गड्ढे में जमा हो रहा है। लंबे समय तक पानी रुके रहने से उसमें सड़न पैदा हो गई है, जिससे आसपास के क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल रही है। इससे न केवल आसपास के दुकानदारों और रहवासियों को परेशानी हो रही है, बल्कि मुख्य मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों को भी बदबू के बीच आवागमन करना पड़ रहा है। लिमाही चौक बेरला-रायपुर मार्ग का व्यस्त स्थान है। इसके आसपास सब्जी मंडी, पॉलिटेक्निक कॉलेज, बेरला थाना, एसडीओपी कार्यालय, निजी अस्पताल और कई व्यापारिक प्रतिष्ठान संचालित हैं। बस चौक होने के कारण यहां यात्रियों की आवाजाही भी बनी रहती है। ऐसे में सड़क किनारे जमा अपशिष्ट जल और उससे उठने वाली दुर्गंध लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। स्थानीय नागरिकों ने आशंका जताई है कि लंबे समय तक जमा गंदे पानी से मच्छरों और अन्य कीटों के पनपने की स्थिति बन सकती है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। लोगों का कहना है कि व्यावसायिक गतिविधियों के साथ स्वच्छता और अपशिष्ट जल के उचित निपटान की व्यवस्था सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

जांच कर कार्रवाई की मांग

इस मामले में जनसेवक रविन्द्र भास्कर चौबे ने कहा कि लिमाही चौक में संचालित उत्सव दूध डेयरी से निकलने वाले अपशिष्ट जल की दुर्गंध से आसपास के लोग परेशान हैं। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। उन्होंने संबंधित उच्च अधिकारियों से मामले की जांच कराने और लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों ने भी मांग की है कि डेयरी से निकलने वाले अपशिष्ट जल के निपटान की समुचित व्यवस्था कराई जाए तथा सड़क किनारे जमा गंदे पानी की सफाई कराई जाए, ताकि लोगों को दुर्गंध और संभावित स्वास्थ्य जोखिमों से राहत मिल सके।

जिपं सीईओ प्रेमलता ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज.बेमेतरा

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पद्माकर ने विकसित भारत-जी राम जी योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत रेवे एवं भरचट्टी में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत रेवे में निर्माणाधीन मुक्तिधाम, विद्यालय में बालिका शौचालय तथा चेक डैम निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत भरचट्टी में विद्यालय में बालिका शौचालय निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। सीईओ पद्माकर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बालिकाओं के लिए शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाए, ताकि छात्राओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण, जल संरक्षण एवं मूलभूत सुविधाओं का विस्तार ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है।

इन कार्यों से ग्रामीणों को बेहतर सुविधा मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इसलिए सभी अधिकारी नियमित निगरानी रखें। निरीक्षण के दौरान सहायक परियोजना अधिकारी नवीन साहू, जनपद पंचायत बेरला सीईओ दिव्या ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी संदीप वारे सहित संबंधित अधिकारी एवं मैदानी अमला उपस्थित रहे।

आईटीआई बेरला में 'वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम', युवाओं को बैंकिंग, बीमा और साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



बेरला। युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और जागरूक बनाने के उद्देश्य से 12 अक्टूबर 2026 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के तहत मनीवाइज सेंटर फॉर फाइनेंशियल लिटरेसी परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसमें सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, आरोह फाउंडेशन और सहयोगी संस्था 'समर्पित' की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शक के रूप में एमआर राजू एफएलसी, जिला बेमेतरा, लेखराम भारती वित्तीय काउंसलर, बेरला ब्लॉक और गुलशन कुमार सहायक एफएलसी काउंसलर, नवागढ़ ब्लॉक विशेष रूप से उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए बैंक खातों के प्रकार, केवाईसी के महत्व और बचत की आदत डालने के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही भारत सरकार की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के लाभ गिनाए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे न्यूनतम प्रीमियम के साथ प्रशिक्षणार्थी अपने और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित कर सकते है। डिजिटल लेनदेन के बढ़ते उपयोग को देखते हुए विशेषज्ञों ने डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षणार्थियों को सतर्क करते हुए सलाह दी गई कि वे अपना ओटीपी, पिन या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। यदि किसी के साथ ऑनलाइन ठगी होती है, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।

- साइबर ठगी से बचने के बताए गए उपाय

बैंकिंग लोकपाल और नॉमिनी की महत्ता: कार्यक्रम में उदगम पोर्टल के माध्यम से भूली हुई पूंजी खोजने की प्रक्रिया समझाई गई। बैंक खातों में नॉमिनी (नामांकन) दर्ज कराने की अनिवार्यता और ग्राहकों की समस्याओं के निवारण हेतु आरबीआई बैंकिंग लोकपाल योजना के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर शासकीय आईटीआई बेरला के अधीक्षक, शिक्षकगण और भारी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने वित्तीय अनुशासन अपनाने और अपने परिवार व समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया।

नगर में अग्रसेन चौक एवं सहस्त्रबाहू चौक का भूमि पूजन संपन्न



थान खम्हरिया। नगर के बायपास रोड स्थित वार्ड क्रमांक 3 के मुख्य चौराहे पर महाराजा अग्रसेन चौक एवं भगवान सहस्त्रबाहु चौक के निर्माण के लिए भूमि पूजन संपन्न हुआ। विधि-विधान से आयोजित पूजा-अर्चना कार्यक्रम में प्रतिष्ठित नागरिक लकी प्रसाद अग्रवाल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता चंदन अग्रवाल ने भूमि पूजन किया। चौक निर्माण एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर समाज के लोगों में उत्साह का माहौल रहा। नगर में महाराजा अग्रसेन एवं भगवान सहस्त्रबाहु की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इस पहल को नगर के सौंदर्यीकरण और महापुरुषों के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज सहित अन्य वर्गों के गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल ने कहा कि महापुरुष किसी एक वर्ग या समुदाय के नहीं होते, बल्कि वे पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। उनके जीवन, विचारों और आदर्शों से समाज को सदैव प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि नगर के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए महापुरुषों के चौक एवं प्रतिमाओं का निर्माण एक सकारात्मक पहल है। हमारा प्रयास है कि नगर विकास के क्षेत्र में एक मिसाल बने और प्रत्येक नागरिक इसमें सहभागी बने।

ये रहे उपस्थित: कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, नगर पंचायत एल्डरमैन अनिल सिंघानिया, अग्रवाल समाज के मंडल अध्यक्ष आशीष बंसल, प्रतीक सिंघानिया, यशेश अग्रवाल, रौनक मुरारका, शिवेंद्र बिंदल, अशोक बिंदल, उज्ज्वल सिंघानिया, रमेश सिंघानिया, महेश सिंघानिया, विकास केडिया, नर्सिंग केडिया, चेतन सिन्हा, किशन सिन्हा, राजकुमार सिन्हा, आयुष बंसल, गौरव बिंदल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राम अग्रवाल, हरीश डोकानिया, रमेश जैन, निखिल अग्रवाल, बृजेश बंसल, सूरजपाल, पार्षद टीकम अग्रवाल, पार्षद भैया राम लहरे, पार्षद नेहा जितेंद्र सिन्हा सहित अग्रवाल समाज की महिला सदस्यों में प्रेरणा सिंघानिया, रीना सिंघानिया, निका सिंघानिया, नेहा केडिया, श्रद्धा अग्रवाल, मनीषा मित्तल, श्रद्धा सिंघानिया, सुनीता अग्रवाल, श्वेता मुरारका, आकिशा अग्रवाल, एकता अग्रवाल एवं शारदा सिंघानिया सहित समाज की अनेक महिलाओं ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

माता देवालयों में जले मनोकामना ज्योति, गूंजने लगे जसगीत

हरिभूमि न्यूज:थान खम्हरिया



शारदीय नवरात्र पर्व पर नगर सहित ग्रामीण अंचलों के माता देवालयों में रविवार को देर रात तक आस्था के ज्योति प्रज्वलित किए गए। इसी के साथ जगह-जगह जसगीतों की गूंज भी सुनाई देने लगी है। नगर के विभिन्न स्थानों के आकर्षक पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर सुबह शाम पूजा अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर नगर के कन्या शाला में आज से गरबा का भव्य आयोजन होने जा रहा है।नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को नगर के शीतला मंदिर मरार पारा मे 146, महामाया मंदिर 30,दंतेश्वरी मंदिर मे 242,भाई मंदिर मे 67,भाठापारा शीतला मंदिर मे 70,चण्डीधाम करमू मे 530 तथा गौरमाटी चण्डीधाम मे 222 जैसे माता मंदिरों में देर रात तक श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए।पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ज्योति प्रज्वलित की गई। इस वर्ष नगर में अकेले 500 से भी अधिक ज्योति कलश प्रज्वलित हुए हैं। श्रद्धालु 9 दिनों तक नंगे पैर रहकर, व्रत रखकर ज्योति की सेवा करेंगे।

- चौक चौराहों पर स्थापित हुई मां दुर्गा की प्रतिमाएं

चौक-चौराहों पर विराजीं मां दुर्गा

नगर के दर्जनभर सार्वजनिक पंडालों बस स्टैंड,गोल बाजार, राऊत पारा,कुम्हार पारा, मरार पारा, केंवट पारा,दाऊ चौरा,त्रिमूर्ति चौक तथा बैद्यनाथ पेरा मे रविवार को विधि-विधान से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। सुबह से ही पंडालों में पुजारियों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा, कलश स्थापना और सप्तशती पाठ किया गया।पंडालों को वैष्णो देवी गुफा की तर्ज पर सजाया गया है। आकर्षक लाइटिंग और फूलों से सजावट की गई है। सुबह-शाम आरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। लाउडस्पीकर से भक्ति गीतों की आवाज पूरे नगर में गूंज रही है। नवरात्र के साथ ही नगर सहित गांव-गांव में जसगीत की गूंज सुनाई देने लगी है। महिला मंडलियों द्वारा ढोलक-मंजीरे की थाप पर जसगीत गाए जा रहे हैं। ग्रामीण अंचल में रात्रि में जसगीत का विशेष महत्व है। कई स्थानों पर जसगीत प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है।

कन्या शाला में आज से होगा गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन: प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र के अवसर पर नगर के शासकीय कन्या शाला परिसर में आज मंगरवार से भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। समिति द्वारा आयोजित इस गरबा में स्कूली छात्राओं सहित नगर की महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य करेंगी। गरबा के साथ-साथ रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

नेतृत्व क्षमता के विकास में स्कूल की अहम भूमिका: सरपंच

संकुल भरदा में स्कूल लीडर्स क्षमता विकास कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज:बेरला



विकासखण्ड बेरला क्षेत्र में युवा एवं इको क्लब शासकीय हाई स्कूल भरदा के तत्वाधान में संकुल स्तरीय स्कूल लीडर्स हेतु एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संकुल भरदा के प्राथमिक, मिडिल एवं हाई स्कूल से बाल कैबिनेट और बाल संसद के 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभागी के रूप में तथा 20 विद्यार्थियों ने स्वयंसेवकों के रूप में अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम पंचायत भरदा के सरपंच हीराधर निषाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि नेतृत्व क्षमता के विकास में स्कूल की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए सबसे पहले लक्ष्य तय करना आवश्यक है, और उसके बाद सुनियोजित योजना बनाकर सभी के विचारों व सुझावों का सम्मान करते हुए लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास करना चाहिए। इसी क्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष ताकेश्वर निषाद ने कहा कि रचनात्मक कार्यों से बच्चों में सकारात्मक विचारों का विकास होता है और सीखी गई बातों को व्यवहार में लाना अत्यंत आवश्यक है। समिति के भूतपूर्व अध्यक्ष पी. एल. परगनिहा ने विचार व्यक्त किए कि नेतृत्व क्षमता और अपने भीतर छिपे गुणों का विकास विद्यार्थी जीवन में निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। वहीं संकुल प्राचार्य ने बच्चों को जीवन में संस्कार और अनुशासन बनाए रखने का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति कौशल, अवलोकन, योजना निर्माण, निर्णय क्षमता, समस्या समाधान, क्रिटिकल थिंकिंग और टाइम मैनेजमेंट से जुड़ी विविध गतिविधियाँ कराई गईं। बच्चों को अलग-अलग समूहों में बाँटकर मानसिक व तर्क शक्ति, तात्कालिक भाषण तथा विचार अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान किए गए, साथ ही उनसे विज्ञान के प्रयोग और 'टावर ऑफ हनोई' जैसे रोचक क्रियाकलाप भी कराए गए।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा किया गया रचनात्मक प्रस्तुतीकरण रहा, जिसे देखकर उपस्थित अतिथि और शिक्षक अचंभित रह गए। विद्यार्थियों ने समूह चर्चा के ज़रिए अपने /"सपने का स्कूल/" और उपलब्ध संसाधनों को बेहद रोचक तरीके से प्रदर्शित किया तथा स्कूल की व्यावहारिक समस्याओं को दूर करने के उपाय भी सुझाए। कार्यशाला का संचालन रिसोर्स पर्सन के रूप में प्राचार्य विष्णु प्रसाद साहू, एसएमसी सदस्य पन्नालाल परगनिहा, व्याख्याता अंजलि वर्मा, राखी वैष्णव और दीप्ति अग्रवाल द्वारा किया गया, जबकि संपूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन युवा एवं इको क्लब प्रभारी विकेश कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत भरदा के सरपंच के सौजन्य से सभी सहभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



Ajay Advt.